**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति कुशीनगर की अध्यक्षता में "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) समिति की दिनांक 13.05.2025 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 13.05.2025 को जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति कुशीनगर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. श्री अरूण कुमार, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
2. श्री प्रदीप वर्मा, अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण निगम, कुशीनगर।
3. श्री विवेक कुमार कुशवाहा, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
4. खण्डान्तर्गत समस्त जूनियर इंजीनियर।
5. श्री देवेश कुमार गुप्त, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कुशीनगर।
6. समस्त सपोर्ट स्टाफ, डी0पी0एम0यू0, कुशीनगर।
7. श्री रविन्द्र कुमार गोखले, डी0पी0एम0, मेघज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0 लि0 (टी0पी0आई0ए0) कुशीनगर।
8. समस्त सपोर्ट स्टाफ मेघज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0 लि0 (टी0पी0आई0ए0) कुशीनगर।
9. श्री चरण सिंह व श्री ओमप्रकाश, परियोजना प्रबंधक, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
10. श्री राहुल पाण्डेय, प्रतिनिधि मे0 विन्ध्या टेलीलिक्स लिमिटेड।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यकम के फेज–2 व फेज–3 में कुल 453 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिनसे जनपद के कुल 667 अदद् ग्राम पंचायतो के 904 अदद् राजस्व ग्रामों में कुल 334718 अदद् गृह जल संयोजन किया जाना है जिसके सापेक्ष 84 अदद् ग्राम पंचायत पेयजल योजनाओं का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण है, 592 अदद् राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है तथा शेष कार्य प्रगति पर है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा शतप्रतिशत पुनर्स्थापित सड़को वाले राजस्व ग्रामों के सत्यापन के सम्बन्ध में पूछे जाने पर अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि वितरण प्रणाली बिछाते समय क्षतिग्रस्त सड़को के शतप्रतिशत पुनर्स्थापित सड़को वाले 510 अदद् राजस्व ग्रामों का सत्यापन मुख्य विकास अधिकारी महोदया कुशीनगर के द्वारा दिये गये निर्देश के कम में सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी तथा अवर अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया जिसमें 14 अदद् राजस्व ग्रामों में कमियॉ परीलक्षित हुई। उक्त कमियों को दूरूस्त करा लिया गया है तथा सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/टी0पी0आई0ए0/डी0पी0एम0यू0)**

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यकम के फेज–2 व फेज–3 में कुल 453 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं के प्राक्कलन तैयार करते समय 74 अदद् पेयजल योजनाओं का संचालन विद्युत आधारित था जिसके अधिष्ठापन हेतु विद्युत विभाग को भुगतान मार्च 2024 में कर दिया गया परन्तु वर्तमान तक मात्र 04 अदद् योजनाओं पर ही विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी है। तथा जनपद की 29 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाए ऐसी है जिनके निर्माण हेतु उपलब्ध भूमि में सोलर पैनल का अधिष्ठापन सम्भव नही हो पा रहा है जिस कारण इन 29 अदद् पेयजल योजनाओं में सोलर के स्थान पर विद्युत आधारित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है जिसके 20 अदद् पेयजल योजनाओं का प्राक्कलन विद्युत विभाग से प्राप्त कर लिया गया है तथा शेष प्राक्कलन अपेक्षित है। उक्त के कम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग को शेष कार्यो को शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुये कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/टी0पी0आई0ए0/डी0पी0एम0यू0/अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत विभाग/ अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर)**

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यकम के फेज–2 व फेज–3 में ग्रामीण पेयजल योजनाओं के वितरण प्रणाली बिछाने हेतु 16 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं की अनापत्ति प्रमाण पत्र एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 से प्राप्त न होने के कारण 32.866 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाना सम्भव नही हो पा रहा है जबकि उपरोक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र करने हेतु दिनांक 15.07.2024 को ही आवेदन कर दिया गया था। उक्त के कम में जिलाधिकारी

MS/D:\SRE OE Wo./Le 23/DM.M.\9

महोदय द्वारा मुख्य विकास अधिकारी महोदया के माध्यम से एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 को पत्र प्रेषित करने तथा जिलाधिकारी महोदय को प्रतिलिपि किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 कुशीनगर)**

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 06 अदद् ग्राम समूह पेयजल योजनाओं में सम्मिलित अन्य ग्राम पंचायते जहॉ जलकल स्थल का निर्माण नही किया जा रहा है के ग्राम प्रधानों द्वारा वितरण प्रणाली बिछाने व गृह जल संयोजन का कार्य कराने नही दिया जा रहा है जिस कारण लगभग 30.62 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाया जाना सम्भव नही हो पा रहा है। उक्त के क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा मुख्य विकास अधिकारी महोदया व जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से सम्बन्धित ग्राम प्रधानों को नोटिस दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/जिला पंचायत राज अधिकारी कुशीनगर/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/टी0पी0आई0ए0/डी0पी0एम0यू0)**

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में बिछायी गयी वितरण प्रणालीयों एवं गृह जल संयोजनों को ग्राम पंचायत/क्षेत्र पंचायत/जिला पंचायत/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/लोक निर्माण विभाग द्वारा रोड चौड़ीकरण/नाली निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त कर दिया जा रहा है, जिसके कारण जलापूर्ति बाधित हो जा रही है। जिसके कम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा यह पूछा गया कि उपरोक्त वितरण प्रणाली व गृह जल संयोजन के शिफ्टिंग का व्यय किसके द्वारा वहन किया जाना है। जिसके कम में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं में अबतक क्षतिग्रस्त गृह जल संयोजनों व वितरण प्रणालियों के शिफ्टिंग व पुनर्स्थापना का कार्य कार्यदायी एजेंसी विन्ध्या टेलीलिक्स लिमिटेड द्वारा किया जाना है जिसके बारे में कार्यदायी एजेंसी विन्ध्या टेलीलिक्स लिमिटेड के प्रतिनिधि द्वारा भी सहमति व्यक्त की गयी तथा अधिशासी अभियन्ता द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि रोड चौड़ीकरण/नाली निर्माण करने वाले कार्यदायी संस्था द्वारा उक्त कार्य हेतु प्राक्कलन तैयार करते समय प्रभावित होने वाले वितरण प्रणाली व गृह जल संयोजन कें शिफ्टिंग का प्राविधान किया जा सकता है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड कुशीनगर/टी0पी0आई0ए0/डी0पी0एम0यू0/समस्त खण्ड विकास अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/लो0नि0वि0/जिला पंचायत)**

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित कुल 196 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाए है जिनसे जनपद के कुल 313 अदद् ग्राम पंचायतो के 519 अदद् राजस्व ग्रामों में कुल 206138 अदद् गृह जल संयोजन किया गया है जिनमें से 22 अदद् ग्राम पंचायत पेयजल योजनाओं से पूर्ण क्षमता पर तथा 108 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं से आंशिक क्षमता पर जलापूर्ति की जा रही है, शेष 66 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं से विभिन्न कारणों यथा विद्युत संयोजन में खराबी, रोड़ चौडीकरण के कारण मुख्य वितरण प्रणाली क्षतिग्रस्त होने के कारण जलापूर्ति बाधित है। उक्त योजनाओं में से 34 अदद् योजनाए छोटी--बडी विद्युत खराबी यथा ट्रान्सफार्मर खराब, पोल क्षतिग्रस्त आदि के कारण जलापूर्ति बाधित है जिसके मरम्मत हेतु अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग को मुख्य विकास अधिकारी महोदया के स्तर से पूर्व में पत्र प्रेषित किया जा चूका है परन्तु कार्यवाही अभी तक अपेक्षित है। उक्त के क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग को उक्त मरम्मत कार्यो को शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुये कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। तथा अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उपरोक्त समस्त पेयजल योजनाओं के 10 वर्षो तक अनुरक्षण एवं संचालन हेतु कार्यदायी एजेंसी मे0 विघ्या टेलीलिक्स लिमिटेड नामित की गयी है, जिनके द्वारा वर्तमान में उपरोक्त योजनाओं के अनुरक्षण एवं संचालन हेतु सर्वेक्षण एवं प्राक्कलन विरचन का कार्य किया जा रहा है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड कुशीनगर/ अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत विभाग/ अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर)**

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद कुशीनगर में कार्यदायी एजेंसी मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड द्वारा 351 अदद राजस्व ग्रामों में ''हर घर जल'' प्रमाणीकरण किया जा चूका है। जिसके कम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि मुख्य विकास अधिकारी महोदया के स्तर से सम्बन्धित ग्राम विकास अधिकारियों को उक्त '' हर घर जल'' प्रमाणीकरण के फीडबैक हेतु निर्देशित किया जाय।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/सम्बन्धित ग्राम विकास अधिकारी।)

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद कुशीनगर में 30 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं के निर्माण में विभिन्न कारणों यथा ग्राम प्रधान, ग्रामवासी आदि के व्यवधान डालने के कारण उक्त योजनाओं के शेष सिविल कार्य कराना सम्भव नही हो पा रहा है। जिसके कम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि उपरोक्त प्रकरण सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुये उपरोक्त प्रकरणों का निस्तारण कराकर योजना के शेष कार्य पूर्ण कर लिये जाये।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/ डी0पी0एम0यू0 /सम्बन्धित उपजिलाधिकारी)

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में चल रहे समस्त कार्यो को निर्धारित समयावधि में तथा निर्धारित मानक के अनुरूप कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

समीक्षा बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

(अरूण कुमार)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।

(गुन्जन द्विवेदी)
मुख्य विकास अधिकारी/सदस्य,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।

(महेन्द्र सिंह तंवर)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।

पत्रांक– 1296 / कार्य-18 / 04 दिनांक 17/05/2025

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उ0प्र0 लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4. जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर को सादर अवलोकनार्थ।
5. मुख्य विकास अधिकारी महोदया/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
6. जिला विकास अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
7. प्रभागीय वनाधिकारी अथवा उनके द्वारा नामित सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
8. मुख्य चिकित्साधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
9. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
10. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
11. अधिशासी अभियन्ता, सिचाई एवं जल संसाधन विभाग/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
12. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
13. जिला कृषि अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
14. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
15. अधीक्षण अभियन्ता, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर।
16. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
17. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
18. समस्त अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कुशीनगर।
19. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
20. परियोजना प्रबन्धक, विन्ध्या टेलीलिक्स लिमिटेड, कुशीनगर।
21. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0 कुशीनगर।
22. जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 कुशीनगर।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।